कार्यालय– सचिव, संस्कृत शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड सचिवालय, देहरादून।

पत्रांकः– 242 / XLII–1 / 2025–06(05)2018,  देहरादून : दिनांक 31 जुलाई, 2025

## विज्ञप्ति

उ0प्र0 राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम, 1973 (उत्तराखण्ड राज्य में यथा प्रवृत्त) की धारा–12(2) एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विनियम, 2018 के नियम–7(3) में निहित प्राविधानों के अन्तर्गत उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार में कुलपति (वेतनमान रू0 2,10,000.00 नियत एवं अन्य सुविधाएं अनुमन्यता के आधार पर) के पद पर नियुक्ति हेतु आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।

उक्त पद हेतु निर्धारित शैक्षिक योग्यता एवं अन्य अर्हताओं के संबन्ध में विस्तृत विवरण उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.usvv.ac.in पर अवलोकनीय है।

उक्त पद हेतु निर्धारित समस्त अर्हताओं को पूर्ण करने वाले अभ्यर्थी वांछित अभिलेखों सहित निर्धारित प्रारूप पर आवेदन पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से **दिनांक 25 अगस्त, 2025,** सांय 06:00 बजे तक संयोजक सर्च–कमेटी / सचिव संस्कृत शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड सचिवालय, कक्ष संख्या–205, डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम भवन, 04 सुभाष रोड, देहरादून–248001 में अथवा ई0 मेल आई0डी0–secy-sansedu-ua@nic.in पर दिनांक 25 अगस्त, 2025 की रात्रि 12:00 बजे तक (समस्त अभिलेखों की स्कैन प्रति संलग्न करते हुए) जमा कर सकते हैं। निर्धारित प्रारूप तथा निर्धारित समय–सीमा के भीतर प्राप्त न होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

(दीपक कुमार)
सचिव,
संस्कृत शिक्षा विभाग,
उत्तराखण्ड शासन।

कार्यालय– सचिव, संस्कृत शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड शासन, देहरादून।

पत्रांकः– 243 / XLII–1 / 2025–06(05)2018, देहरादून : दिनांक 31 जुलाई, 2025

## विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड संस्कृत विश्वविद्यालय, हरिद्वार में कुलपति के रिक्त पद पर नियुक्त व्यक्ति योगदान की तिथि से तीन (03) वर्ष अथवा शासन द्वारा निर्धारित अधिवर्षता आयु (अधिकतम 65 वर्ष), जो भी पहले हो, तक के लिये पदधारित करेगा।

उत्तर प्रदेश राज्य विश्वविद्यालय अधिनियम–1973 (यथा प्रवृत उत्तराखण्ड राज्य) की धारा–12(2) एवं विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के विनियम, 2018 के नियम–7(3) में निहित अर्हता के अनुसार सर्वोच्च स्तर की सक्षमता, सत्यनिष्ठा, नैतिकता और संस्था के प्रति प्रतिबद्धता सम्पन्न व्यक्ति को ही कुलपति नियुक्त किया जाएगा। कुलपति के रूप में नियुक्त किए जाने वाला व्यक्ति विश्वविद्यालय में कम से कम 10 वर्षों के लिए प्रोफेसर के रूप में अनुभव या प्रतिष्ठित अनुसंधान या शैक्षणिक प्रशासनिक संगठन में शैक्षणिक नेतृत्व के साक्ष्य के साथ 10 वर्षों के अनुभव के साथ एक विशिष्ट शिक्षाविद होना चाहिए।

उपरोक्तानुसार अर्हता पूर्ण करने वाले पदधारक / आवेदक उक्त शर्तों के आधार पर अर्हता से सम्बन्धित समस्त अभिलेखों सहित अपनी जन्मतिथि, शैक्षिक योग्यता, प्रोफेसर पद पर नियुक्ति आदेश तथा योगदान प्रमाण पत्र, प्रशासनिक अनुभव / प्रोफेसर के रूप में, सेवा अवधि, राष्ट्रीय–अन्तर्राष्ट्रीय एवार्ड / प्रकाशन / उल्लेखनीय उपलब्धियां (यदि कोई हो), उल्लिखित की जानी आवश्यक है। आवेदन पत्र के साथ स्वस्थता प्रमाण पत्र व आवेदक के विरूद्ध किसी भी प्रकार की जांच संस्थित / लम्बित न होने सम्बन्धी शपथ पत्र / प्रमाण पत्र, अनवरत सेवा प्रमाण पत्र एवं वेतनमान से सम्बन्धित प्रपत्र सहित संलग्न निर्धारित प्रारूप पर आवेदन एवं संलग्नक घोषणा पत्र को पूर्ण रूप से भरकर विस्तृत जीवनवृत्त (अधिकतम एक पृष्ठ में) सहित विज्ञप्ति निर्गत होने की तिथि से **दिनांक 25 अगस्त, 2025** की सांय 06:00 बजे तक पंजीकृत डाक / स्पीड पोस्ट के माध्यम से संयोजक, सर्च–कमेटी सचिव, संस्कृत शिक्षा विभाग, उत्तराखण्ड सचिवालय, कक्ष संख्या–205, द्वितीय तल, डॉ0 ए0पी0जे0 अब्दुल कलाम भवन, 04 सुभाष रोड, देहरादून, पिन कोड–248001 में अथवा ई0 मेल आई0डी0–secy-sansedu-ua@nic.in पर दिनांक 25 अगस्त, 2025 की रात्रि 12:00 बजे तक जमा कर सकते हैं।

कुलपति पद हेतु प्रोफेसर पद पर अनुभव एवं अर्हता की गणना दिनांक 31.07.2025 तक की जायेगी। निर्धारित प्रारूप तथा निर्धारित समय–सीमा के भीतर प्राप्त न होने वाले आवेदन पत्रों पर विचार नहीं किया जायेगा।

(दीपक कुमार)
सचिव,
संस्कृत शिक्षा विभाग,
उत्तराखण्ड शासन।

## निर्धारित प्रारूप

| आवेदक का नाम एवं पता | जन्म तिथि | दिनांक 31 जुलाई, 2025 को आयु | शैक्षिक योग्यता का विवरण | प्रोफेसर पद पर नियुक्ति की तिथि सहित कुल सेवावधि (दिनांक 31 जुलाई, 2025 तक) | शैक्षणिक प्रशासनिक अनुभव/प्रशासनिक संगठन के लिए एक प्रतिष्ठित शोध में शैक्षणिक नेतृत्व का प्रदर्शन करने का प्रमाण पत्र (कुल अवधि) | कुलपति पद के रूप में अनुभव (यदि कोई हो) तिथियों सहित | शैक्षणिक क्षेत्र में महत्वपूर्ण/उल्लेखनीय उपलब्धियां (यदि कोई हो) विवरण सहित | अनुसंधान में महत्वपूर्ण/उल्लेखनीय उपलब्धियां (यदि कोई हो) विवरण सहित | शैक्षिक प्रशासन में महत्वपूर्ण / उल्लेखनीय उपलब्धियां (यदि कोई हो) विवरण सहित | मेडिकल फिटनेस प्रमाण पत्र | वेतनमान से संबन्धित प्रपत्र | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 | |
| | | | | | | | | | | | | |

## घोषणा पत्र

मैं, एतद्द्वारा, घोषणा करता/करती हूँ कि इस आवेदन में दिए गए सभी विवरण/तथ्य मेरी सर्वोत्तम जानकारी और विश्वास के अनुसार सत्य, पूर्ण और सही हैं। मैं, यह भी घोषणा करता/करती हूँ और पूरी तरह समझता/समझती हूँ कि यदि मेरे द्वारा दी गई कोई भी जानकारी किसी भी स्तर पर झूठी या गलत पाई जाती है, तो मेरा आवेदन किसी भी स्तर पर सरसरी तौर पर अस्वीकृत कर दिया जाय। साथ ही यदि नियुक्ति के उपरान्त कोई विपरीत तथ्य प्रकाश में आता है तो अधिनियम/परिनियमों आदि और अन्य लागू नियमों के अनुसार कुलपति के पद से मेरी सेवाऐं बिना किसी पूर्व सूचना के समाप्त की जा सकती हैं।

नाम–..........................

हस्ताक्षर–..................

दिनांक–....................

(दीपक कुमार)
सचिव,
संस्कृत शिक्षा विभाग,
उत्तराखण्ड शासन।